गंज में कार्यक्रम का आयोजन | अरेराज ने बेतिया को 60 रन से हरा शील्ड पर जमाया कब्जा

prabhatkhabar.com

## एसएनएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नशा उन्मूलन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# युवाओं में बढ़ रही नशे की लत को रोकना जरूरी

सेमिनार

प्रतिनिधि, मोतिहारी

एसएनएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आज नशीली दवाओं के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया. इस सेमिनार का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए जागरूक करना था. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत संबोधन से हुई. सेमिनार में विशेषज्ञ वक्ताओं ने नशीली दवाओं के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला. वक्ताओं ने बताया कि युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ रही है, जो उनके भविष्य के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो सकती है. इस अवसर पर मोतिहारी की एसडीसी निधि कुमारी ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने की अपील की. इस सेमिनार के आयोजन से विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ी और समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी की भावना को मजबूती मिली.नशीली दवाओं के बढ़ते दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से ड्रग इंस्पेक्टर्स राकेश कुमार सिंह द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया. इस अवसर पर उन्होंने बच्चों एवं युवाओं को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया और नशा मुक्त जीवन अपनाने की अपील की. इस अवसर पर सदर अस्पताल के क्लिनिकल साइकलोजिस्ट डॉ नगमा जमीर ने बताया कि नशीली दवाओं का सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि मानसिक संतुलन, पारिवारिक जीवन एवं सामाजिक प्रतिष्ठा को भी गंभीर रूप से प्रभावित करता है. कार्यक्रम समन्वयक संस्थान के सहप्राचार्य डॉ मनोज कुमार प्रभाकर एवं कार्यक्रम का मुख्य संचालक डॉ अनिल कुमार रहे. मौके पर संस्थान के प्राचार्य डा. शिवली नोमानी, विभागाध्यक्ष प्रभात कुमार गिरी,मो. शकील आलम, अनिल कुमार, विवेक कुमार, रागीब अनवर, एस. के. सुमन, सतीश कुमार, शशि कुमार,मनीष कुमार, प्रभात मणिपाल, अभय कुशवाहा, नीतेश द्विवेदी, गोपालजी कुमार श्रीवास्तव, राहुल राज अमन पाण्डेय उपस्थित रहे.



सेमिनार में उपस्थित मुख्य अतिथि व अन्य .